प्रेस नोट 05/06/2024

ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के क्रम में मानिटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी के उपरांत 01 दोषसिद्ध अभियुक्त 14 वर्ष के कारावास व ₹55,000 के अर्थदंड से हुआ दंडित-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल के प्रभावी पैरवी के उपरांत माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश जनपद मऊ द्वारा आज दिनांक 05-06-2024 को मु0अ0सं0 537/16 धारा 363,366 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना दोहरीघाट में दोषसिद्ध अभियुक्त शंकर पुत्र राजकुमार निवासी बेला कसैला, कारुवीर थाना दोहरीघाट जनपद मऊ को कारित अपराध के लिए 14 वर्ष के साधारण कारावास की सजा एवं ₹55,000 जुर्माने के दण्ड से दंडित किया गया।

सजा कराये जाने में विशेष लोक अभियोजक श्री विमल कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी मॉनिटरिंग सेल निरीक्षक श्री घनश्याम यादव, मुख्य आरक्षी अनिल सिंह तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी श्यामधर यादव थाना दोहरीघाट का सराहनीय योगदान रहा।

पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प लेने के उद्देश्य से ही हर वर्ष "विश्व पर्यावरण दिवस" मनाया जाता है । जिसके अवसर पर आज दिनांक 05-06-2024 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद श्री अजय विक्रम सिंह, प्रभारी निरीक्षक मुहम्मदाबाद व मधुबन तथा अन्य थानों द्वारा पुलिसकर्मियों के साथ पौधरोपड़ किया गया। समस्त पुलिस कर्मचारियों के साथ आम जनमानस को अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को संरक्षित कर संपूर्ण विश्व को सुरक्षित बनाए रखने लिए प्रेरित किया गया।

जनपद में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 05.06.2024 सायंकाल पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में भारी संख्या में जनपदीय पुलिस बल के साथ संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर रूट मार्च/पैदल गस्त किया जा रहा है तथा शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति भरोसा दिलाया जा रहा है एवं अतिक्रमण आदि के सम्बन्ध में हिदायत दी जा रही है। साथ ही साथ संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।